मिश्री खाओ चिंगारी जलाओ

इंसान ने रोशनी पैदा करने के लिए अनेकों तरीके ईजाद किए हैं। मसलन, आग जलाकर रोशनी पैदा करना सबसे पुराना तरीका है। बताओ, रोशनी पैदा करने के तुम और कितने तरीके सोच सकते हो? चाहो तो अपने दोस्तों से भी पूछ लो।

जितने तरीके तुम लोगों ने सोचे क्या उनके अलावा और भी तरीके हैं जिनसे रोशनी पैदा की जा सकती है? क्यों नहीं, ढेरों हैं।

चलो हम आज एक मीठे तरीके से रोशनी पैदा करके देखें। मीठा तरीका! चौंक गए ना? इस तरीके से रोशनी पैदा करने के लिए हमें बस मिश्री के कुछ डले, एक आईना और घुप्प अंधेरा चाहिए। अंधेरा इसलिए कि इस विधि से निकलने वाली रोशनी बहुत ही हल्की होती है और बस पल भर के लिए ही दिखाई देती है। यानी अगर कमरे में जरा सा भी उजाला होगा तो तुम्हें रोशनी दिख नहीं पाएगी और सारा मजा किरकिरा (या मीठा) हो जाएगा।

करना बस इतना है कि मिश्री के कुछ मोटे–मोटे डले और एक आईना लेकर एक अंधेरे कमरे में पहुंच जाओ। चूंकि प्रयोग सफल होने के लिए एकदम घुप्प अंधेरा चाहिए, इसलिए इस प्रयोग को तुम रात में ही कर सकते हो।

आईने के सामने मुंह खोल कर दांतों से एक मिश्री का टुकड़ा तोड़ो। ध्यान रखना कि तुम्हारे मुंह की लार से मिश्री ज्यादा गीली न हो जाए।

क्या देखा? क्या तुम मिश्री के टूटते ही उसमें से एक हल्की–सी रोशनी निकलती देख पाए? है ना, कमाल का तरीका।

अगर मिश्री खाने का ज्यादा शौक न हो तो इस प्रयोग में तुम मिश्री तोड़ने के लिए अपने दांतों की जगह रसोई की संडसी का इस्तेमाल भी कर सकते हो।